भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 6422
जिसका उत्तर मंगलवार, 05 मई, 2015 को दिया जाना है

**डीजल कारों की बिक्री में कमी**

**6422. श्री एम॰ उदयकुमार:**

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि हाल ही में राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा दस वर्ष से अधिक की डीजल कारों पर प्रतिबंध लगाए जाने के कारण डीजल कारों की मांग और बिक्री में कमी आई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

**उत्तर**
**भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री**
**(श्री जी. एम. सिद्देश्वर)**

**(क) और (ख):** महोदया, डीजल वाहनों (भारी या हल्के) पर प्रतिबंध लगाने का राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) का आदेश 07.04.2015 को जारी किया गया था। डीजल वाहनों के उत्पादन और बिक्री पर इसके प्रभाव का आंकलन करना जल्दबाजी होगी। तथापि, इससे देश में डीजल वाहनों की बिक्री पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना है।

**(ग):** डीजल वाहनों के उत्पादन और बिक्री पर इसके प्रभाव ज्ञात न होने के कारण वर्तमान में कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*******